लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 80, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 9 फरवरी 2025





रिद्धिमा के स्थापना दिवस पर कलाकारों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति। ● अमृत विचार

## रिद्धिमा के चौथे स्थापना दिवस पर फोटोग्राफी कोर्स की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रिद्धिमा के चौथे स्थापना दिवस पर शनिवार को फोटोग्राफी कोर्स की शुरुआत की गई।

संस्था के चेयरमैन देवमूर्ति और आदित्य मूर्ति ने स्टूडियो का उद्घाटन किया। देवमूर्ति ने स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मंत्री श्रीराम मूर्ति की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि संगीत के प्रति उनके लगाव से प्रेरित होकर ही तीन वर्ष पहले उनकी याद में नृत्य, संगीत, कला, अभिनय को समर्पित रिद्धिमा की स्थापना की गई। अब विजुअल आर्ट को बढ़ावा देने के लिए रिद्धिमा में फोटोग्राफी कोर्स शुरू किया गया है। इसमें तीन और छह महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे पहले गायन गुरुओं ने सरस्वती वंदना और संस्थान के गीत को अपनी आवाज दी। कथक के गुरुओं के साथ विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कथक और भरतनाट्यम के गुरुओं और शिष्यों ने अरज सुनो बनवारी फ्यूजन पर अपनी प्रतिभा दिखाई। थिएटर गुरु विनायक श्रीवास्तव और उनके विद्यार्थियों ने हास्य नृत्य नाटिका छींक प्रस्तुत की। इंस्ट्रूमेंट, वोकल और लाइव पेंटिंग की सामूहिक प्रस्तुति को सभी दर्शकों ने सराहा। उषा गुप्ता ने फीता काटकर फाइन आर्ट्स प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। समारोह में पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन, आशा मूर्ति, श्यामल गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, एयर मार्शल सेवानिवृत्त डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. रीटा शर्मा, शैली सक्सेना, अजीत सक्सेना समेत अन्य मौजूद रहे।

**● कथक और भरतनाट्यम के गुरुओं ने पेश किए कार्यक्रम**